मेरे भोले की बारात में ढोल नगाड़े बाजे

मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे
भांग धतूरा पीकर भोले
चले हैं ब्याह रचाने
मेरे भोले की बारात में

सर्पो की है माला गले में
अंग भभूत लगी है
भाल चन्द्रमा हाथ में डमरू
अजब सी इनकी छवि है
शिव भोले के आगे आगे
भुत प्रेत भी नाचे
मेरे भोले की बारात में

पार्वती की जिद से देखो
कैसा शुभ दिन आया
भूत नाथ भगवान ने गौरां
जी से ब्याह रचाया
धुनि खूब रमाने वाले
चले हैं गौरां लाने
मेरे भोले की बारात में

कोई ढोल बजाता जाए
कोई नाच नचावे
शिव पर फूल चढ़ावे कोई
रंग गुलाल उड़ावे
हाहा कार मचाते जाए
कोई एक ना माने
मेरे भोले की बारात मे

धूमधाम से शिव बारात जब
पार्वती घर आई
देव गणो और भक्तजनो में
कैसी खुशियां छाई
वरमाला ले आई गौरा
शिव जी को पहनाने
मेरे भोले की बारात मे

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34395/title/mere-bhole-ki-barat-mein-dhol-nagade-vaaje

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |